हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरूवार, 23 जुलाई 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 27. 0 डिग्री

वैज्ञानिक तरीके से महिलाओं को दिया जा रहा मत्स्य पालन का प्रशिक्षण
5



## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक आज

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक गुरूवार 23 जुलाई को दोपहर 11.30 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार पोयाम ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने कहा है।

### विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए दावा-आपत्ति निराकरण सूची जारी

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 2 संवर्ग फिजियोथेरेपिस्ट एनएचएम 09-एनयूएम 1, लेबोरेटरी टेक्नीशियन -डीपीएचएल 4 के कुल 14 संविदा पदों का पात्र व अपात्र सूची जारी कर अभ्यार्थियो से दावा आपत्ति आवेदन आमंत्रित किया गया था।

### वन अधिकार पत्र धारकों की समस्याओं के आवेदन कल तक

**जांजगीर-चांपा।** जिले में वितरित व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकार पत्रों के धारकों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के लिए आदिम जाति विकास विभाग द्वारा विशेष पहल की जा रही है। भूमि पर लाभ लेने में आ रही कठिनाई के विवरण के लिए अपने वन अधिकार पत्र एवं वन अधिकार पत्र पुस्तिका की छायाप्रति, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों को संलग्न कर सीधे कार्यालय सहायक आयुक्त कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं।

### शाम के समय कचहरी चौक व नेताजी चौक पर लग जाती है वाहनों की कतार

# ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल, संकरे चौराहे और सड़क पर अतिक्रमण ने बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला बनने के ढाई दशक गुजरने के बाद भी जिला मुख्यालय में जरूरी सुविधाओं की कमी बनी हुई है। वहीं चौक चौराहों और सड़कों की चौडाई कम होने से बदहाल ट्रेफिक व्यवस्था के कारण सड़कों पर चलना भी दुभर हो रहा है। आए दिन ट्रैफिक सिग्नल खराब होने की समस्या बनी रहती है। जिसके चलते जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।

जांजगीर चाम्पा जिला का गठन 25 मई 1998 को किया गया। जिला बनने के बाद लोगों को इस बात की खुशी थी कि यहां तेजी से विकास होगा। जांजगीर में तमाम बड़े दफ्तर खुले। व्यवसायिक प्रतिष्ठानो की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ। दुकानों के साथ मकानों की संख्या बढ़ी। गांव गांव से लोग यहां आकर बसे। इसके साथ ही शहर की आबादी भी बढ़ी। जिला मुख्यालय की जनसंख्या 27 साल में बढ़ते बढ़ते 50 हजार को पार कर गई है। लोगों को जिला मुख्यालय में जैसे सुविधा की उम्मीद थी वैसा इंतजाम अब तक नहीं हो पाया है। जिला मुख्यालय होने के नाते प्रतिदिन बड़ी संख्या में जिलेभर से लोग शहर में अपना काम लेकर पहुंचते हैं। इस बीच ट्रैफिक सिग्नल खराब एवं जाम होने की स्थिति में लोगों को परेशानी उठानी पडती है। शहर की ट्रेफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। शाम के समय जाम लगना आम बात हो जाती है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहे संकरे हैं, जिससे वाहनों का दबाव बढ़ते ही जाम की स्थिति बन जाती है। मुख्य मार्गों पर सड़कों के किनारे व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे सड़क की चौड़ाई और कम हो गई है। पार्किंग की उचित व्यवस्था का अभाव स्थिति को और गंभीर बनाता है। शहर में कहीं भी व्यवस्थित पार्किंग की सुविधा नहीं होने के कारण लोग सड़कों पर ही वाहन खड़े करने को मजबूर हैं। बढ़ती आबादी के साथ ही जागरूकता की कमी और सड़क पर बढ़ते दबाव के कारण शहर की ट्रेफिक व्यवस्था चरमराने लगी है। बेतरतीब पार्किंग और अव्यवस्था का खामियाजा आम जनता को रोजाना जाम और दुर्घटनाओं के खतरे के रूप में भुगतना पड़ रहा है। समय समय पर जागरूकता अभियान चलाए जाते है, लेकिन समस्या के स्थायी समधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे है। यदि जल्द ही ट्रेफिक प्लानिंग के साथ अतिक्रमण हटाने और पार्किंग व्यवस्था को लेकर ठोस पहल नहीं की गई है तो आने वाले समय में हालात और भी बदतर हो सकते है।



जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग पर बनी जाम की स्थिति।

### ट्रैफिक व्यवस्था सुधार को लेकर व्यापारियों को निर्देश

कुछ दिनों पूर्व यातायात विभाग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार जिला मुख्यालय जांजगीर की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर अपने विभाग के कर्मचारियों के साथ सड़क पर उतरे। इस बीच उनके द्वारा कचहरी चौक, नेताजी चौक, केरारोड, अटल चौक का निरीक्षण किया गया। खासकर ट्रैफिक व्यवस्था सुधार को लेकर व्यापारियों को निर्देशित किया गया। कचहरी चौक से नेताजी चौक के मध्य आए दिन ट्रैफिक जाम की समस्या निर्मित होती है, जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बुधवार को जांजगीर में साप्ताहिक बाजार कचहरी चौक के पास लगता है। इस दिन तो चौक पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी ट्रैफिक व्यवस्था सुधार को लेकर करनी पड़ती है। ट्रैफिक जाम के कारण आने वाले लोगों के साथ गाड़ियों में बैठे स्कूली बच्चों को भी होती है। इसे लेकर जिम्मेदार पुलिस प्रशासन एवं यातायात विभाग के अधिकारी कर्मचारी गंभीर नहीं है। सबसे बड़ी दिक्कत सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा किया जाने वाला अतिक्रमण है। बड़े दुकान के सामने सामान फैलाकर रखा जाता है। वहीं सड़क किनारे ठेले, खोमचे भी लगते है। ऐसे में सड़क पर पार्किंग करना लोगों की मजबूरी होती है।

### की जाएगी कार्यवाही

जिला मुख्यालय जांजगीर मैं ट्रैफिक व्यवस्था बनाने के साथ मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों को सख्त चेतावनी दी गई है। इसी तरह का अतिक्रमण कर रास्ता जाम किया तो कार्यवाही भी होगी।

**-उदयन बेहार,**
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
यातायात जांजगीर चांपा

# शेयर मार्केट में पैसा दोगुना करने का झांसा देकर 2 करोड़ की ठगी

### आरोपी दंपत्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शेयर मार्केट में पैसा दोगुना करने का झांसा देकर एक दंपत्ति ने 2 करोड़ से अधिक की ठगी कर ली। मामले में चांपा पुलिस ने रायपुर से दंपत्ति को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चांपा निवासी हेमदत्त केशरवानी ने 24 मई 2026 को थाना चांपा में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसकी पहचान मारुति विहार कॉलोनी निवासी हरिशंकर गुप्ता से थी। हरिशंकर गुप्ता और उसकी पत्नी रेखा गुप्ता ने शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने पर रकम दोगुनी होने का भरोसा दिलाया। उनकी बातों में आकर हेमदत्त ने शेयर मार्केट में जमा करने के लिए उनके खाते में पैसे डलवाए। इसी तरह क्षेत्र के अन्य लोगों ने भी लालच में आकर चेक एवं आरटीजीएस के माध्यम से कुल 2 करोड़ 4 लाख 97 हजार 502 रुपए उनके खाते में जमा कर दिए। आरोपियों ने केवल 39 लाख 99 हजार 400 वापस किए, जबकि शेष रकम लौटाने से लगातार टालमटोल करते रहे और अंततः क्षेत्र से गायब हो गए। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध कायम कर जांच शुरू की। तकनीकी इनपुट और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने हरिशंकर गुप्ता और रेखा गुप्ता को नया रायपुर से पकड़ा। दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया। उनके कब्जे से लैपटॉप, टैबलेट, मोबाइल फोन एवं चेकबुक जब्त किया गया। पुलिस ने मारूति विहार कालोनी चांपा निवासी 43 वर्षीय हरिशंकर गुप्ता और उसकी पत्नी 42 वर्षीय श्रीमती रेखा गुप्ता को भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) एवं 3(5) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक वैष्णव, उपनिरीक्षक सत्यम चौहान, आरक्षक ईश्वरी राठौर, आदित्य प्रताप सिंह एवं थाना चांपा के स्टाफ का योगदान रहा।

# जमडीनाला पुल के 5 फीट ऊपर बह रहा बारिश का पानी, जान जोखिम में डाल कर पार कर रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

सिवनी-सुखरीकला सड़क मार्ग पर स्थित जमड़ी नाला पुल पर बारिश का पानी 5 फिट ऊपर बह रहा है। फिर भी लोग अपनी जान को जोखिम में डालकर पुल पार कर रहें हैं। नाला के पुल पर पानी चलने से सिवनी क्षेत्र के बालपुर, बहेराडीह, सुखरीकला, सुखरीखुर्द, सिधराम पुर, बघोदा, देवरी, अमरुआ, जाटा के लोगों को बरसात में परेशानी झेलनी पड़ रही है।

बलौदा ब्लाक के ग्राम पंचायत सिवनी सुखरीकला में जमडीनाला सडक पुल की ऊंचाई काफी कम है। इन दिनों हो रही बारिश के चलते पुल के लगभग 5 फीट ऊपर पानी बह रहा है। बारिश में डूबे सड़क पुल से पार करने पर सख्त प्रतिबन्ध लगाते हुये पुलिस विभाग ने लाल झंडा लगाया है। इसके बावजूद लोग अपने जान को जोखिम में डालकर पार कर रहें हैं। पिछले साल भी इस इस सड़क पुल पर पार करते वक्त मोटर सायकल बहते हुये बड़ी मुश्किल से बचाया गया था। फिर भी लोग दो पहिया और चार पहिया वाहन को धड़ल्ले से पार किया जा रहा है। जमड़ी नाला सड़क पुल के पास बिजली खम्भा में ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। बारिश का पानी का स्तर सड़क पुल से इतना बढ़ गया है कि ट्रांसफार्मर में लगे बिजली तार बाढ़ के पानी से संपर्क होते ही करंट फ़ैल सकती है। इससे बड़ी घटना हो सकती है।



जान जोखिम में डालकर जमडीनाला पुल पार करते बाइक चालक।

### सपनईनाला पुल के ऊपर बह रहा पानी, आवागमन प्रभावित

**मालखरौदा।** अडील के पास बने सपनाईनाला में बारिश का पानी पुल के ऊपर चढ़ गया है। इसमें चलते मालखरौदा-सक्ती राजमार्ग में आवागमन प्रभावित हो गया है। इधर जल्दबाजी के फेर में ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर पुल पार करने से बाज नहीं आ रहे है।



### शराब पार्टी के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट और लूट, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** हाईवे पर शराब पार्टी के लिए पैसे मांगने और मना करने पर युवकों के साथ मारपीट व लूटपाट करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को घटना के कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य आरोपी फरार है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार ग्राम सेमरा निवासी सूरज कुमार साहू 21 जुलाई की रात अपने साथियों के साथ उरगा से कार से लौट रहे थे। चांपा रेलवे ओवरब्रिज के पास एक व्यक्ति को लिफ्ट देने के बाद हथनेवरा मोड़ पर उतारा। इसी दौरान तीन मोटरसाइकिल पर सवार 4-5 युवक पहुंचे और शराब पार्टी के लिए पैसे मांगने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने बेल्ट लात-घूंसों से मारपीट की, जान से मारने की धमकी दी और सूरज की जेब से 15 सौ रुपए लूट लिए। पीड़ित की शिकायत पर थाना चांपा में अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(6), 324(2) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने साहिल कुमार पटेल उर्फ अक्की को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपने साथियों के साथ वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

# नकली नोट से शराब खरीदने पहुंचे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा के देशी मदिरा दुकान में 500 रुपए के नकली नोट देकर शराब खरीदने का प्रयास करते एक युवक पकड़ा गया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 500 रुपए के चार नकली नोट बरामद किए। न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 20 जुलाई को सारंगढ़ जिले के ग्राम दोमुहानी निवासी 30 वर्षीय सत्येन्द्र कुमार कुर्रे उर्फ सत्यम कुर्रे अकलतरा के देशी शराब दुकान पहुंचा। वह 5 सौ रुपए का नकली नोट देकर शराब खरीद रहा था। नोट नकली होने का संदेह होने पर शराब दुकान के कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। तलाशी के दौरान उसके पास से 500 रुपए के चार नोट बरामद किए गए। बरामद नोटों की जांच स्टेट बैंक अकलतरा में कराई गई, जहां सभी नोट नकली पाए गए। जांच में यह भी सामने आया कि चारों नोटों के सीरियल नंबर एक समान थे। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह नकली नोट रायपुर से लाया था और उन्हें अकलतरा की शराब दुकान में चलाने की कोशिश कर रहा था। अकलतरा पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 180 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया।






## खबर संक्षेप

### प्रदेश के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम

**कोरबा।** सोशल रिवाइवल ग्रुप्स ऑफ अर्बनए रूरल एंड ट्राइबल (स्त्रोत) के मार्गदर्शन एवं मेंटरशिप में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने एचसीएल फाउंडेशन स्पोर्ट्स फॉर चेंज राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2026 में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। यह प्रतियोगिता 12 से 14 जुलाई तक नोएडा उत्तर प्रदेश में आयोजित की गई। जिसमें देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। स्त्रोत के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ से खो.खो, बालिका वर्ग, टेबल टेनिस बालक वर्ग तथा तीरंदाजी बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बिलासपुर के युवराज बंजारे ने टेबल टेनिस प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक व एचसीएल फाउंडेशन स्पोर्ट्स फॉर चेंज स्कालरशिप अपने नाम किया।

# रिमझिम फुहारों के साथ गहराया सर्पदंश का खतरा, 20 दिनों में 7 लोगों की हुई है मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानसून की दस्तक और बारिश की फुहारों के साथ ही जमीन में रेंगने वाले विषैले जीवों की चहल-पहल बढ़ गई है। घने वनों से आच्छादित कोरबा जिले में किंग कोबरा सहित विभिन्न प्रजातियों के खतरनाक जहरीले सांप पाए जाते हैं। यही वजह है कि मानसून की शुरुआत होते ही जिले के रिहायशी इलाकों और ग्रामीण अंचलों में जहरीले सांपों का निकलना तेजी से शुरू हो गया है, जिससे लोग लगातार सर्पदंश का शिकार हो रहे हैं। इस महीने ही सर्पदंश से 7 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि जून से अब तक कुल 11 लोग कालकवलित हो चुके हैं।

सर्पदंश की घटनाओं में अचानक बड़ा इजाफा हुआ है। अकेले जुलाई महीने में ही अब तक सर्पदंश की 7 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। वहीं जून महीने से लेकर अब तक कुल 11 लोग अपनी जान गंवा चुके



हैं। लगातार हो रही मौतों से ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। विशेषज्ञों और सर्प मित्रों के मुताबिक, बारिश के दिनों में सांपों के बिलों में पानी भर जाता है, जिससे वे सुरक्षित और सूखे स्थानों की तलाश में बाहर निकलने लगते हैं। इस दौरान कई बार वे भूलवश इंसानी बस्तियों, कच्चे मकानों, पैरावट या फर्श पर सो रहे लोगों के करीब पहुंच जाते हैं। अंधेरे और अनजाने में पैर पड़ जाने पर सांप हमला कर देते हैं। नया मामला कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम आमाखोखरा में सामने आया है जहां निवासरत सानवी कंवर उम्र 6 साल पिता किरान सिंह कंवर सोमवार की रात खाट पर सोयी थी इस दौरान एक जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। देर रात को जब परिजनों को पता चला तो परिजनों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मेडिकल अस्पताल में भर्ती किया गया जहां सावनी की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### बचाव और सावधानी के मुख्य उपाय

बारिश के मौसम में फर्श पर सोने की जगह खाट या बेड का इस्तेमाल करें और अनिवार्य रूप से मच्छरदानी लगाएं। रात के समय घर से बाहर निकलते वक्त हमेशा टॉर्च/फ्लैशलाइट का उपयोग करें और लाठी-डंडे से जमीन को खटखटाते हुए चलें। घर के आसपास झाड़ियों, कचरे और लकड़ियों के ढेर को जमा न होने दें, क्योंकि ये सांपों के छिपने की पसंदीदा जगहें हैं। सर्पदंश की स्थिति में बिना समय गंवाए मरीज को तुरंत निकटतम जिला अस्पताल या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं।

### मेडिकल हॉस्पिटल से सर्प किया गया रेस्क्यू




जिला मेडिकल अस्पताल में उस समय हड़कंप मच गया जब एक विषैला कोबरा डॉक्टर के कंप्यूटर टेबल के नीचे बैठा हुआ दिखाई दिया। जैसे ही अस्पताल के कर्मचारियों की नजर सांप पर पड़ी, उन्होंने घबराने के बजाय तुरंत रेप्टाइल केयर एंड रेस्क्यूअर सोसाइटी के अविनाश यादव को सूचना दी। सूचना मिलते ही अविनाश यादव तत्काल अपनी रेस्क्यू सामग्री के साथ मौके पर पहुंचे। अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ और संवेदनशील माहौल को देखते हुए उन्होंने कोबरा को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।




संकलनकर्ता : शैलेश कुमार शर्मा, हरिभूमि प्रतिनिधि, सदर बाजार, चांपा मो. 9425230955, 7587137310

## खबर संक्षेप

### केन्द्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर गिरफ्तारी देने कोतवाली पहुंचे कांग्रेसी



**जांजगीर-चांपा।** केन्द्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने जिला मुख्यालय जांजगीर में बुधवार 22 जुलाई को प्रदर्शन किया। कचहरी चौक में धरना प्रदर्शन करने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता गिरफ्तारी देने सिटी कोतवाली पहुंचे और विरोध दर्ज कराया। छात्र हित की जमीनी लड़ाई लड़ रहे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं सांसद प्रियंका गांधी सहित विपक्ष के नेताओं की गिरफ्तारी और दिल्ली पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। स्थानीय कचहरी चौक में धरना प्रदर्शन करने के उपरांत गिरफ्तारी देने कांग्रेस सिटी कोतवाली पहुंचे। हालांकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भारी तादाद और जनसैलाब को देखकर कोतवाली परिसर में उपस्थित कार्यपालिक दंडाधिकारी ने कांग्रेसजनों को गिरफ्तार करने से असमर्थता जताई। इस अवसर जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, रमेश पैगवार, हर प्रसाद साहू, गिरधारी यादव, संदीप यादव, रफीक सिद्दकी, शिशिर द्विवेदी, भगवान दास गढ़ेवाल, नागेन्द्र गुप्ता, विवेक सिसोदिया ब्लॉक अध्यक्षगण रामविलास राठौर, सुनील साधवानी, विजय प्रकाश तिवारी, रविंद्र शर्मा, महेश्वर टंडन, गौरव सिंह, नवल सिंह ठाकुर, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज शुक्ला, प्रिंस शर्मा, शाश्वत दीवान, अजीत राणा, लोकेश राठौर, सीमा शर्मा, किशन सोनी, अंजलि देवांगन, सेवक देवांगन, अनिल मोदी, हरीश पांडे, तमेंद्र देवांगन, विष्णु यादव, ऋषिकेश उपाध्याय, राज अग्रवाल, मुस्कान परवीन, कविता देवांगन, गीता सोनी, अनीता प्रकाश, आकाश तिवारी, पवन साहू, रंजन केवट, पुरुषोत्तम देवांगन, गिरधर देवांगन, आकाश शर्मा, परमेश्वर निर्मले, चंद्रकुमार ओग्रे, निर्मला बरेठ, रज्जाक खान, अरमान खान, संस्कार राठौर, जफर खान सहित जिले के पदाधिकारी, मोर्चा संगठनों के अध्यक्ष, पार्षदगण और बड़ी संख्या में सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सोनम वांगचुक के समर्थन में कॉलेज छात्रों का फूटा गुस्सा, निकाली रैली



**मालखरौदा।** जलवायु कार्यकर्ता और पर्यावरणविद सोनम वांगचुक के समर्थन में शासकीय वेद राम महाविद्यालय, मालखरौदा के छात्र-छात्राओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए रैली निकाली। प्रदर्शनकारी छात्रों ने मालखरौदा कालेज से होते हुए मिशन चौक पहुंचकर केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्र-छात्राओं का कहना है कि सोनम वांगचुक देश की पर्यावरण सुरक्षा, नीट पेपर लीक लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण ढंग से आवाज उठा रहे हैं। उनके समर्थन में उठ रही आवाजों को दबाना पूरी तरह से अनुचित है। छात्रों ने मांग की कि उनकी मांगों पर जल्द से जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जाए। व्यस्तम मिशन चौक पर बिना पुलिस सुरक्षा के पुतला दहन और नारेबाजी के चलते कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस की इस गैर-जिम्मेदाराना कार्यप्रणाली को लेकर छात्रों और स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश देखा गया।

एसडीएम ने नवनियुक्त एल्डरमैन को दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ, मेला ग्राउंड स्थित कैफेटेरिया में आयोजित हुआ समारोह

# नगर के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाना एल्डरमैन की जिम्मेदारी : जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

नगर के मेला ग्राउंड स्थित रामायणा कैफेटेरिया में मंगलवार 21 जुलाई को नवनियुक्त एल्डरमैन के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े उपस्थित थे। समारोह में एसडीएम भावना साहू ने नवमनोनीत एल्डरमैन संदीप यादव,महेश केशरवानी एवं आयुष केडिया को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही।

जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि एल्डरमैन की जिम्मेदारी नगर के विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने और नागरिक हितों को प्राथमिकता देने की है। उन्होंने सभी नवनियुक्त एल्डरमैन से निष्पक्षता, पारदर्शिता और जनसेवा की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपेक्षा जताई। वही मंच को संबोधित करते हुए नगर पंचायत शिवरीनारायण के अध्यक्ष राहुल थवाईत ने कहा कि तीन एल्डरमैन की नियुक्ति से नई ऊर्जा मिलेगी,नगर पंचायत की पूरी टीम मिलकर नगर विकास कार्य को आगे बढ़ाएंगे। शपथ लेने के बाद संदीप यादव, महेश केशरवानी एवं आयुष केडिया ने नगर के सर्वांगीण विकास और आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प व्यक्त किया। समारोह के अंत में उपस्थित अतिथियों ने नवमनोनीत एल्डरमैन को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस दौरान जिला अध्यक्ष भाजपा अंबेश जांगड़े,जिला उपाध्यक्ष नवल सिंह ठाकुर,मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला, न.पं.अध्यक्ष राहुल थवाईत , तहसीलदार महेंद्र लहरे,सीएमओ कन्हैया निर्मलकर, सरस्वती मिलाप साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत शिवरीनारायण,पार्षदस्नेहलता सोनी, दिव्या यादव,चेतन विक्की सोनी,योगेश आदित्य,सत्येंद्र केंवट, ओम प्रकाश शर्मा, पवन सुल्तानिया,विक्कू के. वा.सहित नगर पंचायत शिवरीनारायण के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता कोमल साहू एवं आभार प्रदर्शन रवीन्द्र साहू ने किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

### नगर पंचायत खरौद में नव-नियुक्त एल्डरमैन को दिलाई गई शपथ

**खरौद।** नगर पंचायत खरौद में मंगलवार 21 जुलाई को नव नियुक्त एल्डरमैन का शपथ ग्रहण के लिए हरि कीर्तन धर्मशाला में समारोह आयोजित किया। समारोह में नव नियुक्त एल्डरमेन श्रीमती चन्द्रवती सोनी, श्रीमती पुष्पा देवी तिवारी व गोपाल आदित्य को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। समारोह में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा नगर पंचायत में मनोनीत पार्षद से (एल्डरमैन) परिषद में पार्षदों की संख्या बढ़ेगी और नगर विकास के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे परिषद् की सभी बैठकों में भाग लेंगे और सभी को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन एल्डरमैन निधि जारी होगी जिससे आम जनता से जुड़े मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल , प्रकाश व्यवस्था, सड़क, नाली एवं अन्य विकास कार्य करा सकेंगे। आर के तम्बोली एसडीएम पामगढ़ द्वारा नवनियुक्त तीनो एल्डरमेनो को शपथ दिलाई। इस मौके पर शिवेन्द्र प्रताप सिंह मंडल अध्यक्ष कोड़ाभाट, गोविंद यादव अध्यक्ष नगर पंचायत खरौद, उपाध्यक्ष महेश्वर यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सत्य नारायण देवांगन व नगर पंचायत के कर्मचारि पार्षदगण, संगठन के पदाधिकारी,भाजपा कार्यकर्ता और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




### जैजैपुर में भी एल्डरमैन को पद एवं गोपीनयता की दिलाई गई शपथ



**जैजैपुर।** नगर पंचायत जैजैपुर में नव नामांकित एल्डरमैनो का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान नियुक्त एल्डर मैन सचिन सिंह, भूपेंद्र साहू , महेश धीवर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जांजगीर-चांपा जिला पंचायत के उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, उपाध्यक्ष गोपी सिंह, सुरेश साहू , कीर्तन चंद्रा, डाक्टर प्रसाद चन्द्रा सहित चंद गिने चुने जनप्रतिनिधि एवं मुख्य नगर पंचायत अधिकारी योगेन्द्र कुमार उपस्थित थे। वही दूसरी ओर इस कार्यक्रम में नगर पंचायत के अधिकांश पार्षद अनुपस्थित रहे जो जन चर्चा का विषय बना रहा। नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित 16 पार्षदों की संख्या वाले इस नगर पंचायत में 2 पार्षद ही कार्यक्रम में नजर आये बड़ी संख्या में पार्षद एवं जिम्मेदार निवार्चित जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति जन चर्चा का विषय बना रहा। क्षेत्रीय विधायक कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता भी नजर नहीं आए।

### नवनियुक्त एल्डरमैन का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**मालखरौदा-अड़भार।** नगर पंचायत अड़भार के नवनियुक्त एल्डरमैनों का शपथ ग्रहण समारोह 22 जुलाई को नगर पंचायत कार्यालय परिसर में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में मालखरौदा एसडीएम रूपेन्द्र पटेल द्वारा सभी नवनियुक्त एल्डरमैन नितिन शुक्ला, बसन्त, धीरज, गजेंद्र राठौर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर सिंह गबेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव, मालखरौदा जनपद अध्यक्ष कवि वर्मा, रंजीत अजगले, मण्डल अध्यक्ष जीवेंद्र गबेल नगर पंचायत उपाध्यक्ष सीता श्याम, पार्षद अंजलि गबेल, सुषमा बरेठ, अंजलि गबेल, दीपेश रात्रे, देवेन्द्र पटेल, रथराम कटकबार बिजय उरांव भूपेन्द्र यादव बिजय धिरहे राजेश जांगड़े अरविंद तिवारी नीरज पांडेय, बादल राजपूत, भुनेश्वर गर्ग, गुलशन साहू देवेन्द्र यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अड़भार के अध्यक्ष कृष्णा रात्रे ने किया। इस दौरान नगर पंचायत परिसर में पौध रोपण भी किया गया।



# आम जनता के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है स्थापित : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग ने 'प्रिवेंटिव पुलिसिंग' को लेकर उच्च स्तरीय ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की।

- आईजी ने एक गुंडा-एक जवान' नीति तथा सक्रिय अपराधियों पर सख्त निगरानी के दिये आदेश



ऑनलाइन कार्यशाला को संबोधित करते आईजी रामगोपाल गर्ग।


पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय बिलासपुर से आयोजित इस कार्यशाला में रेंज के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी, थाना प्रभारी सहित लगभग 200 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। कार्यशाला में गुंडा और निगरानी बदमाशों की सघन निगरानी, अपराधियों के सत्यापन और आधुनिक पुलिसिंग व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए।

आईजी राम गोपाल गर्ग ने सभी जिलों में 'एक गुंडा-एक जवान' नीति लागू करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक निगरानी बदमाश की जिम्मेदारी एक पुलिसकर्मी को सौंपी जाए, ताकि उसकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि जमानत पर छूटने के बाद दोबारा अपराध करने वाले आरोपियों के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 480 के तहत तत्काल जमानत निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाए। आईजी ने निर्देश दिए कि आदतन चोर, लुटेरे और संपत्ति संबंधी अपराधियों को ए-क्लास निगरानी तथा मारपीट, रंगदारी, भू-माफिया और असामाजिक तत्वों को बी-क्लास गुंडा सूची में शामिल कर उनका फोटो, फिंगरप्रिंट, बैंक खाते और अन्य आवश्यक रिकॉर्ड नियमित रूप से अपडेट रखा जाए। गंभीर अपराधियों की गैंग हिस्ट्री शीट तैयार करने और समय-समय पर सत्यापन करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में गुंडा और निगरानी बदमाशों की सरप्राइज चेकिंग के लिए नई स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) जारी की गई। इसके तहत पुलिस टीमों को अनिश्चित समय पर जांच करने, सुरक्षा मानकों का पालन करने, अपराधियों की आय और रहन-सहन का सत्यापन करने तथा थाना स्तर पर सभी रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए।

आईजी ने कहा कि पुलिस कार्रवाई के दौरान मानवाधिकारों और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पूर्ण पालन किया जाए। किसी भी निर्दोष व्यक्ति, विमुक्त जनजाति, पिछड़े वर्ग या नाबालिग के विरुद्ध मनमानी कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने ग्राम अपराध नोटबुक (व्हीसीएनबी), कोटवारों की नियमित हाजिरी, मुसाफिर रजिस्टर और सीआआई-एमएसी जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अंतरराज्यीय और अंतरजिला अपराधियों की सूचना साझा करने पर भी जोर दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जो लोग वर्षों पहले अपराध छोड़कर सामान्य जीवन जी रहे हैं, उनका सत्यापन कर उन्हें निगरानी सूची से हटाया जाए, ताकि पुलिस का पूरा फोकस सक्रिय अपराधियों पर रहे। कार्यशाला के समापन पर आईजी राम गोपाल गर्ग ने सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन की नियमित मॉनिटरिंग करने और प्रत्येक थाना स्तर पर प्रिवेंटिव पुलिसिंग को मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि पुलिस, कोटवार, पुलिस मित्र और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है। कार्यशाला में सक्ती के पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने 'गुंडा एवं निगरानी बदमाश' विषय पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण देते हुए प्रिवेंटिव पुलिसिंग और बेसिक पुलिसिंग को मजबूत करने के उपाय बताए। उन्होंने अपराधियों के रिकॉर्ड संधारण, निगरानी व्यवस्था और कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी।

### 48 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर आज याद किए जाएंगे स्व. बीडी महंत

**जांजगीर-चांपा।** अविभाजित म.प्र. शासन के पूर्व मंत्री तथा क्षेत्र के जननेता स्व. बिसाहू दास महंत की 48 वीं पुण्यतिथि गुरुवार 23 जुलाई को परंपरानुसार मनाई जावेगी। स्व. बिसाहूदास महंत स्मृति आयोजन समिति द्वारा छ.ग. अस्मिता के प्रतीक जननायक स्व. बिसाहूदास महंत की 48वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार 23 जुलाई को स्थानीय बिसाहूदास महंत बालोद्यान में शाम 5 बजे श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत तथा परिवार के सदस्य विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। आयोजन समिति ने नागरिकों से आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।



स्व. बी.डी. महंत

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 29 जुलाई को

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 29 जुलाई को दोपहर 11.30 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार पोयाम ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने कहा है।




TOP IN JANJGIR

GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

छत्तीसगढ़ शासन में VTP पंजीयन क्रमांक 223793647P003
प्रवेश प्रारंभ
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
विगत 10 वर्षों से संचालित जांजगीर चांपा जिले का एकमात्र संस्था
(NSDC/SDMS C.N. 69240)
नि-शुल्क पाठ्यक्रम (Free Courses): जनरल ड्यूटी असिस्टेंट होम हेल्थ एड
100% नौकरी में सहयोगी पाठ्यक्रम / योग्यता 10वीं एवं 12वीं / हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
अस्पतालों या पैथोलैब मे कार्यरत विद्यार्थियों के लिए पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध
कोर्सेस
- DMLT - डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- EMT - पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
- OT - टेक्नीशियन
पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियनअसिस्टेंट
- X-RAY टेक्नीशियन
आकाश एजुकेशनल एकेडमी पता: रजनीश बुक डिपो के सामने, तिवारी कॉम्प्लेक्स, केरा रोड जांजगीर मो. 8770638375, 9399743304

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र....... /अ-6/2025-26
दिनांक 17.07.2026 ग्राम-सोंठी
**नोटिस**
01. मनोज कुमार पटेल उम्र 40 वर्ष पिता कुंदन लाल पटेल 02. साहेब लाल 70 वर्ष पिता रामेश्वर प्रसाद पटेल 03. मदन लाल उम्र 67 वर्ष पिता रामेश्वर प्रसाद पटेल निवासी ग्राम सोंठी तहसील बम्हनीडीह जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)........अपीलार्थीगण
विरूद्ध
01. रमाकांत पिता स्व. बेदराम 02. राहुल भार्गव 03.अर्चना 04. पप्पी तिनो पिता स्व. भागवत प्रसाद भार्गव 05. चैनमती पति स्व. भागवत प्रसाद भार्गव 06. संदीप कुमार भार्गव 07. मधु भागैव दोनो' पिता स्व. देवदत्त भार्गव 08. देवकी बाई पति स्व. देवदत्त भार्गव 09. लखन पिता स्व. रामजी भार्गव जाति गडेरिया निवासी ग्राम सोंठी तहसील बम्हनीडीह .................उत्तरवादीगण
प्रति,
09. लखन पिता स्व. रामजी भार्गव जाति गडेरिया निवासी ग्राम सोंठी तहसील बम्हनीडीह जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) पिन 495660........ उत्तरवादी
अपीलार्थी मनोज कुमार पटेल उम्र 40 वर्ष पिता कुंदन लाल पटेल निवासी ग्राम सोंठी तहसील बम्हनीडीह जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.). द्वारा न्यायालय तहसीलदार बम्हनीडीह के राजस्व प्रकरण कमांक 202425541304200006 में पक्षकार मनोज कुमार पटेल वगै. विरूद्ध बेदराम वगैरह में पारित आदेश दिनांक 16.07.2025 से क्षुब्ध होकर राजस्व अपील अतंर्गत धारा 44 छ.ग.भू.रा.सं. के अंतर्गत दस्तावेज सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण में उत्तरवादी की उपस्थिति / सुनवाई हेतु दिनांक 31.07.2026 नियत किया गया है। नियत दिनांक को आप न्यायालय में स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई में भाग ले सकते हैं। नियत दिनांक तक उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षिय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 17.07.2026 को जारी किया गया।
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चांपा**

**समक्षः- श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी महोदय पामगढ, जिला-जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**
मैं ओमप्रकाश सूर्यवंशी पिता श्री भागवत प्रसाद जाति सूर्यवंशी निवासी कोनारगढ़, पोस्ट-कोनार थाना मुलमुला तहसील-पामगढ़ जिला-जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) का निवासी हूँ । जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूँ :-
1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सहीं व सत्य है।
2. यह कि मैंने अपना नाम ओमप्रकाश से बदलकर ओमप्रकाश सूर्यवंशी कर लिया हूँ। अब भविष्य में मैं ओमप्रकाश सूर्यवंशी के नाम से जाना पहचाना जाऊंगा। नाम परिवर्तन के समर्थन में मैं सूचना प्रकाशन (छ.ग.) के राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूँ। जिस संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत है।
3. यह कि मेरे द्वारा दी गई संपूर्ण जानकारी भविष्य में किसी प्रकार की गलती पाई जाती है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।
अतः यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।
**ओमप्रकाश सूर्यवंशी**
**शपथकर्ता**
**सत्यापन**
मैं ओमप्रकाश सूर्यवंशी पिता श्री भागवत प्रसाद जाति सूर्यवंशी निवासी-कोनारगढ़, पोस्ट-कोनारगढ़ थाना मुलमुला तहसील-पामगढ़ जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) यह सत्यापित करता हूँ कि उक्त कंडिका 1 से 03 तक की लिखी बातें मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक 21/07/2026 को पामगढ़ में लिखकर, पढ़कर समझकर अपना हस्ताक्षर कर निष्पादित किया।
स्थान-पामगढ़
दिनांक-21/07/2026
**ओमप्रकाश सूर्यवंशी**
**सत्यापनकर्ता**

**ईश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं जनकराम सोनी पिता स्व. जगन्नाथ प्रसाद सोनी निवासी म. नं. 171 सोनार पारा चांपा जिला-जांजगीर चांपा छ.ग. ने अपना पुराना नाम जनक सोनी पिता जगन्नाथ प्रसाद सोनी को बदल लिया है, इसलिए भविष्य में सभी सरकारी और अन्य दस्तावेजों में मुझे मेरे नए नाम जनकराम सोनी से ही जाना पहचाना जावे।
दिनांक- 20/07/2026
स्थान -चांपा
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
**जनकराम सोनी**
**चांपा**

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं, मिले 39 आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों से कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में 39 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में तहसील बलौदा अंतर्गत ग्राम जर्वे ब निवासी संतोष केंवट द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत सूक्ष्म एवं लघु उद्योग हेतु ऋण दिलाने, तहसील अकलतरा अंतर्गत ग्राम कापन निवासी सहेत्तर यादव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, तहसील मुख्यालय चांपा के नया पारा निवासी घनश्याम देवांगन द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया।

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

BHASKAR EYE CARE
हम रखते हैं आपकी आँखों का ख्याल
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989
AdPRAYAS



## रेखा मेरे करीब बैठतीं और मुझे सहज महसूस कराती थीं : शेखर

**नई दिल्ली।** साल 1984 में आई फिल्म 'उत्सव' से शेखर सुमन ने अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ रेखा लीड रोल में थीं। हाल ही में शेखर ने एक बातचीत में बताया कि उस समय रेखा इंडस्ट्री की बड़ी स्टार थीं, लेकिन उन्होंने कभी उन्हें ये एहसास नहीं होने दिया कि वो फिल्मों में नए कलाकार हैं। शेखर ने एक बातचीत के दौरान कहा कि कई बड़े सितारे अपने स्टारडम का असर सेट पर दिखाते हैं, लेकिन रेखा का स्वभाव बिल्कुल अलग था। वह उनके साथ बैठतीं, बातें करतीं और उन्हें सहज महसूस कराती थीं। इसी वजह से कैमरे के सामने काम करना उनके लिए आसान हो गया। एक्टर ने कहा, 'उन्होंने शुरू से ही ऐसा किया।

लाइफ Style



# साहिबा

## कोई नेशनल न्यूज नहीं है मेरी डेटिंग लाइफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक्टर और डिजिटल क्रिएटर साहिबा बाली ने अपनी पर्सनल लाइफ और अर्जुन कपूर के साथ डेटिंग की अफवाहों पर होने वाली कवरेज की आलोचना की है और लोगों से कहा है कि वे ज्यादा जरूरी मुद्दों पर ध्यान दें।

उनका यह बयान लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर हुई एक सभा की फोटो शेयर करने के बाद आया। हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ पर मिल रही अटेंशन पर प्रतिक्रिया देते हुए साहिबा बाली ने कहा कि उनकी डेटिंग लाइफ कोई नेशनल न्यूज नहीं है और मीडिया से अपील की कि वे ऐसी कहानियों पर ध्यान दें जो सच में लोगों का ध्यान खींचने लायक हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'डियर मीडिया, लंदन में मेरी डेटिंग लाइफ/दोस्ती के बारे में अंदाजे लगाना बंद करो, यह कोई नेशनल न्यूज़ नहीं है। अगर दिखाना ही है तो कुछ अच्छा दिखाओ'। साहिबा का यह बयान तब आया है जब अर्जुन कपूर के साथ उनके डेटिंग की अफवाहें तेजी से फैल रही थीं। यह चर्चा तब शुरू हुई जब दोनों को लंदन के मशहूर लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे वनडे मैच के दौरान एक साथ देखा गया, जिससे सोशल मीडिया पर काफी बातें होने लगीं। इस चर्चा पर प्रतिक्रिया देते हुए, साहिबा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अर्जुन के साथ एक तस्वीर शेयर की और एक मजाकिया कैप्शन के साथ इन अफवाहों को खारिज करने की कोशिश की, जिसमें लिखा था, 'हर बात पर यकीन न करें'।

हॉलीवुड मसाला



## पर्दे पर फिर लौटेगा सुपरहीरो डेडपूल...

**नई दिल्ली।** भारत में मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के बैनर तले बनने वालीं सुपरहीरोज मूवीज का क्रेज काफी देखने को मिलता है। कैप्टन अमेरिका से लेकर स्पाइडर मैन तक तमाम एमसीयू मूवीज ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। इसके अलावा डेडपूल भी मार्वल का वह सुपरहीरो कैरेक्टर है, जिसे इंडिया में काफी पसंद किया जाता है। अब खबर आ रही है कि एमसीयू डेडपूल 4 की तैयारी में लगा हुआ है, जिसका कन्फर्मेशन हॉलीवुड अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स की तरफ से आया है।



## अवेंजर्स ... का ट्रेलर रिलीज लौट गए कैप्टन अमेरिका

**लॉस एंजिल्स।** बहुप्रतीक्षित फिल्म 'अवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डॉक्टर डूम से लड़ने के लिए क्रिस हेम्सवर्थ और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स व अन्य जगहों के कई सुपरहीरो वापस आए हैं। पहले ट्रेलर में पिछली मार्वल और एक्स-मेन फिल्मों के कई मशहूर किरदार दिखाई देते हैं। एवेंजर्स सीक्वल के पहले ट्रेलर में एक बड़ी टीम दिखाई गई है। ये लोग दुनिया को बचाने के लिए एकजुट हो रहे हैं। थोर (क्रिस हेम्सवर्थ) असल लीडर की भूमिका निभाते हैं। थोर चेतावनी देता है कि अगर वे अभी एक साथ नहीं खड़े हुए, तो उनकी पिछली कुर्बानियां बेकार चली जाएंगी। वह उनसे अपनी छोटी-मोटी लड़ाइयां भुलाकर लड़ने के लिए कहता है। दो मिनट 26 सेकंड का यह ट्रेलर एक जबरदस्त रीयूनियन के साथ खत्म होता है।



## सलमान की मातृभूमि का नया पोस्टर जारी


**मुंबई।** मेकर्स ने फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर साझा किया है। इसी के साथ निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर सोशल मीडिया (एक्स) पर शेयर किया गया है। पोस्टर के साथ लिखा गया है- 'एक सैनिक का वादा। एक परिवार की ताकत। एक राष्ट्र का गौरव।' इस पोस्टर के हिसाब से 'मातृभूमि' इसी साल रिलीज होगी। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक रिलीज की पक्की तारीख नहीं बताई है, लेकिन यह तय है कि फिल्म इसी साल पर्दे पर आएगी। इस नए पोस्टर पर ध्यान देने वाली बात यह है कि इसमें निर्देशक का नाम नहीं लिखा है। इस पर सिर्फ सलमान खान फिल्म्स की एक फिल्म लिखा है। मेकर्स ने अभी तक इसकी वजह नहीं बताई है। शुरुआत में इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था।



## मिर्जापुर की शूटिंग हुई असली श्मशान में

**मुंबई।** मिर्जापुर 3 में मुन्ना भैया के अंतिम संस्कार वाला सीन तो याद ही होगा, जिसने सीजन तीन को एक अलग ही खामोशी की गहराई में छिपा दिया था। इस सीन में जान डालने के लिए मेकर्स ने इसे किसी नकली सेट पर नहीं, बल्कि एक असली और चालू श्मशान घाट पर शूट किया था। वेब सीरीज़ के मेकर्स को इस बारे में सख्त हिदायतें दी गई थीं, इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह इमोशनल सीन शूट किया। मिर्जापुर 3 के मेकर्स ने बताया कि असली श्मशान घाट में शूटिंग करना किसी चुनौती से कम नहीं था। शूटिंग को लेकर वहां के प्रबंधक ने के कड़े नियमों और मर्यादा का पालन करने के लिए मेकर्स को हिदायत दे रखी थी। साथ ही शूटिंग के लिए क्रू को बेहद कम समय की शूटिंग विंडो दी गई थी।

टीवी मसाला



## ऑपरेशन सफेद सागर में सब पर भारी पड़े बरुन, दीया दमदार

**नई दिल्ली।** आने वाली स्ट्रीमिंग सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह मिलिट्री ड्रामा कारगिल युद्ध के दौरान इंडियन एयर फोर्स के सबसे मुश्किल ऑपरेशन्स में से एक पर आधारित है। ओनी सेन के निर्देशन और अभिजीत सिंह परमार व कुशल श्रीवास्तव द्वारा बनाई गई यह सीरीज इस ऑपरेशन से जुड़े लोगों पर बेस्ड है। इसमें सिद्धार्थ, जिमी शेरगिल, अभय वर्मा, दीया मिर्जा, प्राजक्ता कोली, आदिल हुसैन, मिहिर आहूजा, तारुक रैना, अर्णव भसीन और अमृता बागची जैसे कलाकार हैं। जिमी शेरगिल विंग कमांडर बी.एस. धनोआ (जिन्हें टोनी के नाम से भी जाना जाता है) का किरदार निभा रहे हैं, जबकि सिद्धार्थ स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा की भूमिका में हैं। ट्रेलर में उन्हें तेजी से बढ़ते संघर्ष के बीच दिखाया गया है, क्योंकि स्क्वाड्रन को कारगिल की पहाड़ियों में भारतीय सेना के ऑपरेशन में मदद करने का काम सौंपा गया है। युवा अधिकारियों में फ्लाइंग ऑफिसर आर.एस. धालीवाल के तौर पर अभय वर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर सी.एच. बाल रेड्डी के तौर पर मिहिर आहूजा, फ्लाइट लेफ्टिनेंट जितेंद्र सांगवान के तौर पर तारुक रैना और फ्लाइंग ऑफिसर अमित गुप्ता के तौर पर अर्णव भसीन शामिल हैं। इस सीरीज में ऑपरेशन को सिर्फ एयरक्राफ्ट और लड़ाई-झगड़े के तमाशे के तौर पर नहीं दिखाया गया है, बल्कि यह स्क्वाड्रन के अंदर लिए गए मुश्किल फैसलों पर भी ध्यान देती है। इसमें दिखाया गया है कि पायलट कैसे डर, जिम्मेदारी और इस संभावना का सामना करते हैं कि हर उड़ान उनकी आखिरी उड़ान हो सकती है।

### दूरदर्शन का सबसे लंबा चलने वाला शो

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन में रामायण, महाभारत और चित्रहार जैसे कई लोकप्रिय कार्यक्रमों ने दर्शकों का दिल जीता, लेकिन एक शो ऐसा भी है जो इन सबसे पहले शुरू हुआ और आज भी लगातार प्रसारित हो रहा है। इस कार्यक्रम का



नाम 'कृषि दर्शन' है. यह भारतीय टेलीविजन के सबसे लंबे समय तक चलने वाले कार्यक्रमों में शामिल है और इसके 16,000 से ज्यादा एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं। यही वजह है कि इसका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया जा चुका है। कृषि दर्शन की शुरुआत 26 जनवरी 1967 को दूरदर्शन पर हुई थी। शुरुआत में यह कार्यक्रम दिल्ली और उसके आसपास के करीब 80 गांवों के किसानों को खेती से जुड़ी नई तकनीक, फसल प्रबंधन और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से बनाया गया था। समय के साथ इसकी लोकप्रियता बढ़ती गई और यह देश के सबसे लंबे समय तक प्रसारित होने वाले टीवी कार्यक्रमों में शामिल हो गया।

## थलपति विजय की फिल्म का हिंदी में होगा ऐसा हाल

### जन नायकन बनेगी तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वाली मूवी

**नई दिल्ली।** थलपति विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म 23 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज हो रही है। कोईमोई के मुताबिक, फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन हिंदी में 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' से भी कम होने वाला है। लियो के केस में लोकेश सिनमैटिक यूनिवर्स की वजह से काफी हाइप था। इसी वजह से फिल्म ने हिंदी में 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। वहीं, 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' को भी ओपनिंग डे पर अच्छा रिस्पॉन्स मिला। वहीं 'जन नायकन' की बात करें तो फिल्म क हिंदी वर्जन क ओपनिंग डे पर 1.4 से 1.8 करोड़ तक कमाने की खबरें हैं। अगर ऐसा हुआ तो फिल्म थलपति विजय की हिंदी में तीसरी बिगेस्ट ओपनिंग वाली फिल्म बन जाएगी। इस लिस्ट में 'लियो' सबसे आगे है। 'लियो' ने 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। दूसरे नंबर पर 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' है। इस फिल्म ने 2.1 करोड़ कमाए थे। तीसरे नंबर पर 'वरिसु' है। इस फिल्म ने 70 लाख कमाए थे। चौथे नंबर पर 'बीस्ट' है. फिल्म ने 60 लाख की ओपनिंग की थी। पांचवें नंबर पर 'मास्टर' है. फिल्म ने 50 लाख कमाए थे।




## विलेन की अदाकारी करते वक्त मुझसे मत उलझना

**नई दिल्ली।** पर्दे पर गंभीर और चैलेंजिंग किरदारों के लिए पहचान बनाने वाले केके मेनन अभिनय को अलग नजरिए से देखते हैं। उनका मानना है कि किसी भी किरदार को निभाने से पहले उसे अपने भीतर तलाशना जरूरी है। 'आदर्श बाल विद्यालय' के प्रमोशन के दौरान एक बातचीत में उन्होंने अभिनय, किरदार और अपने काम को लेकर खुलकर बात की। सीरीज में अपने किरदार ज्ञानेश्वर पर बात करते हुए केके मेनन कहते हैं, 'अगर मैं अपने भीतर से ज्ञानेश्वर को नहीं निकालूंगा तो मैं फेक एक्टिंग कर रहा होऊंगा। मैं जो भी करता हूं, उसमें बुरे किरदार भी मेरे भीतर से ही आते हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह सिर्फ एक्टिंग रह जाएगी। इसलिए, मैं हमेशा कहता हूं कि जब मैं कोई बहुत बुरा किरदार निभा रहा होता हूं तो 'एक्शन' और 'कट' के बीच मुझसे मत उलझना। क्योंकि, उस वक्त मैं केके मेनन नहीं होता। मैं अपने भीतर की उसी बुराई को जी रहा होता हूं। मैं हर किरदार को इसी तरह अप्रोच करता हूं।' किरदार की तैयारी के सवाल पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं टेक्स्ट पर बहुत भरोसा करता हूं। डायरेक्टर और राइटर मेरे लिए बहुत मदद करते हैं। मैं स्क्रिप्ट को न जाने कितनी बार पढ़ता हूं। मेरे लिए यही सबसे पक्का तरीका है, क्योंकि जितनी बार आप स्क्रिप्ट पढ़ते हैं, हर बार वह आपको कुछ यूनिक देती है। इसमें कोई रॉकेट साइंस नहीं है।'



***मैं सब कुछ नहीं जानता :*** रोल चुनने को लेकर केके मेनन का कहना है, 'मैंने रोल इसलिए नहीं छोड़ा कि वह सुरक्षित था। मैंने सिर्फ इसलिए छोड़ा क्योंकि उसने मेरी दिलचस्पी नहीं जगाई। रोल चुनने का कोई फॉर्मूला नहीं है। जो मुझे पसंद नहीं आता, वही किसी दूसरे अभिनेता को पसंद आ सकता है। इसलिए मैं यह भी नहीं सोचता कि मैं सब जानता हूं। मुझसे भी गलती हो सकती है।'

### टेंशन जरूरी है

करीब तीन दशक के लंबे करियर के बाद भी केके मेनन की तैयारी में कोई ढील नहीं आई है। क्या इतने वर्षों बाद भी पहले दिन शूटिंग पर घबराहट होती है? इस पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं इसे नर्वसनेस नहीं, एसेंशियल टेंशन कहता हूं। थोड़ा-सा टेंशन होना जरूरी है, नहीं तो काम नहीं करता। जैसे 100 मीटर का धावक स्टार्ट लाइन पर खड़ा होता है या क्रिकेटर पहली गेंद खेलने जाता है। हर किसी के भीतर वह थोड़ा-सा टेंशन होना चाहिए, जो आपको अपने पैरों पर खड़ा रखे। बस वह स्ट्रेस नहीं बनना चाहिए।'

## वो सनकी संगीतकार, जिनके जनाजे में शामिल हुए फिल्मी दुनिया के सिर्फ दो लोग

# लता का किया अपमान, किशोर दा को बताया शोर कुमार

**नई दिल्ली।** म्यूजिक की दुनिया में कई ऐसी दिग्गज हस्तियां आई हैं, जिन्होंने एक से बढ़कर एक कालजयी गाने बनाए, लेकिन उनकी अपनी पहचान गुमनाम ही रह गई। 5 दशक से अधिक समय तक संगीत जगत में एक अलग पहचान बनाने वाले नामों में एक नाम उस संगीतकार का भी है, जिन्होंने हिंदी सिनेमा के संगीत को एक नया आयाम दिया। उन्हें न सिर्फ भारतीय सिनेमा में उनके अलग संगीत और 22 हजार से अधिक गानों में मैंडोलिन बजाने के लिए जाना जाता है, बल्कि अपने सनकी और मूडी स्वभाव के कारण भी वे अक्सर सुर्खियों में रहे। कौन थे वे संगीतकार, जिनकी अंतिम विदाई में सिर्फ दो बॉलीवुड हस्तियां पहुंची थीं और जिन्होंने लता मंगेशकर जैसी दिग्गज गायिका की भी क्लास लगा दी थी?





### क्यों कहा जाता था उन्हें बेबाक और सनकी?

हम बात कर रहे हैं मशहूर संगीतकार सज्जाद हुसैन की। 5 दशक से ज्यादा समय तक संगीत की दुनिया में सक्रिय रहे सज्जाद हिंदी सिनेमा की सबसे विवादित हस्तियों में से एक रहे। उनका गुस्सैल स्वभाव, बेबाक बोल और समझौता न करने की आदत अक्सर उन्हें विवादों में डाल देती थी।

### गीतकार डीएन मधोक से हो गया था झगड़ा

साल 1944 में आई फिल्म 'दोस्त' के शानदार संगीत की सफलता का श्रेय जब निर्देशक शौकत हुसैन रिजवी ने अपनी पत्नी नूरजहां को दिया, तो स्वाभिमानी सज्जाद ने कसम खा ली कि वे अब कभी उनकी पत्नी के लिए गाना कंपोज नहीं करेंगे। वहीं, फिल्म 'सैंया' की रिकॉर्डिंग के दौरान उनका गीतकार डी.एन. मधोक से झगड़ा हो गया था। यही नहीं, एक बार लता मंगेशकर को लेकर की गई उनकी टिप्पणी के कारण दोनों के बीच बातचीत बंद हो गई थी।

### 20 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स गंवा दिए

सज्जाद हुसैन के इस बेबाक और कड़वे स्वभाव के कारण धीरे-धीरे लोग उनसे दूर होने लगे। अपने 34 साल के कॅरियर में उन्होंने अपने अड़ियल रवैये की वजह से 20 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स गंवा दिए। लता मंगेशकर ने एक पुराने इंटरव्यू में माना था कि सज्जाद हुसैन के साथ काम करने में घबराहट होती थी, क्योंकि वे बारीकियों पर बहुत ध्यान देते थे और उन्हें जरा भी लाउड गाना पसंद नहीं था।

### दिलीप कुमार से हो गई थी अनबन

सज्जाद हुसैन ने सिर्फ नूरजहां या लता मंगेशकर से ही पंगा नहीं लिया, बल्कि 'संगदिल' की शूटिंग के दौरान दिलीप कुमार से भी उनकी अनबन हो गई। वे अपनी तीखी बयानबाजी के लिए मशहूर थे, उन्होंने तलत महमूद को 'गलत महमूद' और किशोर कुमार को 'शोर कुमार' तक कह दिया था। कहा जाता है कि निर्माता-निर्देशक के. आसिफ से हुए मनमुटाव के कारण ही उनके हाथ से 'मुगल-ए-आजम' जैसी ऐतिहासिक फिल्म का संगीत निकल गया था।

### उधास-खय्याम पहुंचे थे अंतिम विदाई देने

महान संगीतकार सज्जाद हुसैन का निधन 21 जुलाई 1995 को माहिम स्थित उनके घर पर हुआ। जब उनकी अंतिम यात्रा निकली, तो उनके पांच बेटों और एक बेटी के अलावा पूरी फिल्म इंडस्ट्री से सिर्फ दो लोग मशहूर गायक पंकज उधास और संगीतकार खय्याम ही उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे थे।

## खबर संक्षेप

### मध्यान्ह भोजन रसोइया एवं सफाई कर्मचारी संघ की हुई बैठक

**बिर्रा।** बिर्रा। विकासखंड बम्हनीडीह अंतर्गत संकुल केंद्र बिर्रा में बुधवार को मध्यान्ह भोजन रसोइया एवं सफाई कर्मचारी संघ की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए संकुल समन्वयक रामकिशोर देवांगन ने रसोइयों एवं सफाई कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन पूरी स्वच्छता और निर्धारित मीनू के अनुसार तैयार किया जाए। रसोईघर की नियमित लिपाई-पुताई की जाए तथा चावल, दाल और सब्जियों की गुणवत्ता व साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।उन्होंने कहा कि बच्चों को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। शासन के निर्देशानुसार सप्ताह में दो दिन अचार और पापड़ भी परोसा जाना अनिवार्य है। भोजन से पूर्व बच्चों को कतारबद्ध बैठाकर भोजन मंत्र कराया जाए तथा अनुशासित ढंग से भोजन कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।बैठक में सफाई कर्मचारियों को भी विद्यालय और शौचालय की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही टॉयलेट में बाल्टी, पर्याप्त पानी, साबुन, जग, टब और हार्पिक्स जैसी आवश्यक सामग्री उपलब्ध रखने तथा छोटे बच्चों को इनके सही उपयोग के लिए प्रेरित करने की बात कही गई। विद्यालय परिसर और शौचालय की प्रतिदिन साफ-सफाई करने पर भी विशेष जोर दिया गया। इस बैठक में सुनीता कर्ष, अवधमती, फिरतीन, किरण, गौरी, हेमा ,कैलाश, ओंकार, अभय, राजेन्द्र आदि के अलावा मध्यान भोजन रसोईया एवं स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के सदस्य गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### एसबीआई मुख्य शाखा में आशीष गौतम ने संभाला पदभार

**नैला-जांजगीर।** शहर के विवेकानंद मार्ग स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की मुख्य शाखा में आशीष गौतम ने शाखा प्रबंधक (ब्रांच मैनेजर) के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद श्री गौतम ने कहा कि बैंक में आने वाले सभी ग्राहकों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों (सीनियर सिटीजन) को बेहतर और सुगम बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ग्राहकों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बैंक कृषि एवं उद्योग क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करेगा। श्री गौतम ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक हमेशा जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध है और ग्राहकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के तहत जिले के ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपने स्वयं के जीवन को जोखिम में डालते हुए उसकी निस्वार्थ सेवा या प्रतिकूल प्राकृतिक या मानव निर्मित परिस्थितियों के खिलाफ उत्कृष्ट साहस का कार्य, असाधारण कार्य, सामाजिक सेवा. पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी किया हो वे ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

### अकलतरा में 6 से 9 अगस्त तक आयोजित होगा निःशुल्क स्पीच थेरेपी शिविर

**अकलतरा।** बच्चों और युवाओं में बढ़ती वाणी संबंधी समस्याओं, विशेषकर तोतलेपन (हकलाहट) से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से भवानी जन सेवा समिति, अकलतरा के तत्वावधान में चार दिवसीय निशुल्क स्पीच थेरेपी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर गुरुवार 6 अगस्त से रविवार 9 अगस्त तक श्री हरि कृष्ण अस्पताल परिसर, सिविल न्यायालय के पास, अकलतरा में आयोजित होगा। शिविर में देश के अनुभवी स्पीच थेरेपी प्रशिक्षक सत्यनारायण मित्तल द्वारा प्रतिभागियों का परीक्षण कर उन्हें वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक तरीकों से वाणी दोष दूर करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 8 बजे तक प्रशिक्षण एवं परामर्श का कार्यक्रम रहेगा। 9 अगस्त को समापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि तोतलापन केवल बोलने की समस्या नहीं है, बल्कि यह बच्चों और युवाओं के आत्मविश्वास, शिक्षा, व्यक्तित्व विकास तथा सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। समय रहते उचित प्रशिक्षण और नियमित अभ्यास से इस समस्या में काफी सुधार संभव है। इसी उद्देश्य से यह शिविर पूरी तरह निशुल्क रखा गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।शिविर में भाग लेने के लिए दूर-दराज़ से आने वाले प्रतिभागियों एवं उनके परिजनों की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा गया है। भवानी जन सेवा समिति, अकलतरा की ओर से तीन दिवसीय शिविर के दौरान निशुल्क रात्रि विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था की जाएगी, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। समिति के अध्यक्ष प्रकाश केडिया ने अभिभावकों से अपील की है कि यदि उनके बच्चे या परिवार का कोई सदस्य तोतलेपन अथवा अन्य वाणी संबंधी समस्या से पीड़ित है, तो इस अवसर का लाभ अवश्य उठाएं। समय पर सही मार्गदर्शन और अभ्यास से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है तथा वे शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और दैनिक जीवन में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। समिति के संयोजकों ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, उनकी आवाज़ बुलंद करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

सैकड़ों की संख्या में गुजरते है वाहन, पुल में बने गड्ढे में भरा बरसाती पानी, दुर्घटना के शिकार हो रहे लोग

# बसंतपुर और सलिहाघाट के मध्य महानदी पर बना पुल जर्जर, जगह- जगह दिख रहा सरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

बसंतपुर और सलिहा घाट के मध्य में स्थित महानदी के ऊपर बने पुल की हालत बहुत ज्यादा खराब हो गई है। पुल कुछ ही सालों में बहुत ज्यादा जर्जर हो चुका है। यह पुल जांजगीर-चांपा, सारंगढ़, सक्ती, बलौदा बाजार, कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर, महासमुंद, रायपुर सहित कई जिलों को जोड़ने वाला एकमात्र पुल है। इस पुल से रोजाना सैकड़ों की तादाद में दो पहिया एवं चार पहिया और यात्री बसें के अलावा बड़े-बड़े भारी वाहन आवागमन करते हैं। इस पुल में बने जगह-जगह बड़े-बड़े गढ्ढा में बरसाती पानी भरने और सरिया के झांकने से आने जाने वाले वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।


पुल पर जगह-जगह बने गड्ढे से होकर गुजरते वाहन।


बरसाती पानी का जमाव।

गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा जिला के जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत अंतिम छोर पर स्थित ग्राम बसंतपुर में महानदी के ऊपर बने पुल समुचित देख रेख एवं मरम्मत के अभाव में बहुत ज्यादा खराब हो गया है। यह पुल जांजगीर-चांपा, सारंगढ़, सक्ती, बलौदा बाजार, कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर, महासमुंद, रायपुर कई जिलों को जोड़ने वाला यह क्षेत्र का एकमात्र पुल है। इस पुल से रोजाना सैकड़ों की तादाद में दो पहिया, चार पहिया वाहन और यात्री बसों के अलावा बड़े-बड़े भारी भीमकाय वाहन गुजरते हैं। इस पुल में जगह-जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढा होने से बरसाती पानी का जमाव हो गया है। इसके बावजूद सरिया के झांकने से आने-जाने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रोजाना सैकड़ों की तादाद में भारी वाहनों के चलने से बसंतपुर और सलिहा घाट के मध्य में महानदी के ऊपर में बने इस पुल में जगह-जगह बड़े बड़े जानलेवा गढ्ढा हो गया है। पुल पर बने बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढा में बरसाती पानी का भराव होने के कारण दो पहिया वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं। भारी वाहन चालकों के द्वारा पुल के ऊपर बने बड़े-बड़े गड्ढा को बचाने के चक्कर में पुल के दाएं एवं बाईं दोनों तरफ बने रेलिंग को भी तोड़ दिया गया है। पुल की रेलिंग टूटने के कारण राहगीरों और साइकिल एवं दो पहिया वाहन चालकों को अपनी जान हथेली पर लेकर चलना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में पुल के ऊपर बने बड़े-बड़े गड्ढे में पानी भर जाने के कारण गड्ढा दिखाई नहीं देता है, जिसके कारण वाहन चालकों के कई वाहन भी पलट चुके हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पुल निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की गई है। इसलिए महज कुछ ही सालों में पुल के ऊपर में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इस पुल से रोजाना हजारों लोग मजबूरी में अपनी जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे हैं। इसके बावजूद सेतु निगम के अधिकारी मरम्मत के प्रति ध्यान नहीं दे रहे है। पुल के ऊपर में डामर की मोटा परत चढ़ाने के बजाय इसकी सुध तक नहीं ले रहे हैं। रोजाना आवागमन करने वाले वाहन चालकों ने कलेक्टर से पुल की शीघ्र ही मरम्मत करवाने की मांग की हैं।

## छह महीने में ही जर्जर हुआ प्राथमिक स्कूल का नया भवन



**तनौद।** पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत खरगहनी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का नवीन भवन निर्माण के महज छह महीने बाद ही जर्जर होने लगा है। भवन की दीवारों में दरारें पड़ गई हैं और कई जगहों से प्लास्टर उखड़ने लगा है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी का आरोप लगाते हुए मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

■ 70 बच्चे एक ही हाल में पढ़ने को मजबूर

विद्यालय में करीब 70 बच्चे अध्ययनरत हैं, लेकिन भवन की खराब स्थिति के कारण सभी बच्चों को एक छोटे से हाल में बैठाकर पढ़ाई कराई जा रही है। सीमित स्थान होने से बच्चों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है और शिक्षण व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। स्थिति यह है कि भवन के अभाव में मध्यान्ह भोजन भी उसी कक्ष में तैयार किया जा रहा है, जहां बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। रसोई से उठने वाला धुआं सीधे बच्चों तक पहुंचता है, जिससे उन्हें आंखों में जलन और सांस लेने में परेशानी होने की शिकायत है। अभिभावकों का कहना है कि इस माहौल में बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों और पालकों ने शिक्षा विभाग तथा जिला प्रशासन से जर्जर भवन की तकनीकी जांच कराने, निर्माण में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने तथा बच्चों के लिए सुरक्षित भवन या वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की है।

## इंटरनेशनल चेस डे के उपलक्ष्य में 26 को होगा वन डे रैपिड चेस टूर्नामेंट

**जांजगीर-चांपा।** इंटरनेशनल चेस डे के उपलक्ष्य में किड्स प्रमोट चेस एकेडमी, कृष्णा विहार कॉलोनी, चांपा द्वारा 26 जुलाई रविवार को वन डे रैपिड चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन कम्युनिटी हॉल, हसदेव पब्लिक स्कूल (घुठिया) के समीप, कृष्णा विहार कॉलोनी, चांपा में होगा। टूर्नामेंट डायरेक्टर श्रीमती जयंती यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले में शतरंज को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में केवल जांजगीर-चांपा जिले के अंडर-8, अंडर-11 एवं अंडर-15 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले सकेंगे।प्रतियोगिता का शुभारंभ 9:30 बजे से किया जाएगा। प्रतियोगिता रैपिड प्रारूप में आयोजित होगी। पंजीयन की अंतिम तिथि 25 जुलाई है। श्रीमती जयंती यादव ने बताया कि प्रत्येक आयु वर्ग में बालक एवं बालिका एक साथ प्रतियोगिता खेलेंगे, लेकिन विजेताओं बालक बालिका को अलग-अलग पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक आयु वर्ग में बालक एवं बालिका वर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

## आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 24 तक

**हसौद।** शासकीय आईटीआई हसौद में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए चौथे चरण के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 24 जुलाई की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। संस्थान प्रबंधन ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को अब तक प्रवेश नहीं मिल पाया है या जो रिक्त सीटों पर प्रवेश लेना चाहते हैं, वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। 25 जुलाई को एनआईसी द्वारा मेरिट सूची जारी की जाएगी। इसके पश्चात 26 से 30 जुलाई तक चयन सूची प्रदर्शित होगी तथा चयनित अभ्यर्थियों को 31 जुलाई से 2 अगस्त तक संबंधित संस्थानों में प्रवेश दिया जाएगा।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता : महोबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

वन महोत्सव के अंतर्गत बुधवार 22 जुलाई को अकलतरा के परसाही नाला में आयोजित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर वृहद पौधारोपण किया।

■ एक पेड़ मां के नाम' अभियान में उमड़ा जनसैलाब, परसाही नाला में हुआ वृहद पौधारोपण


पौधरोपण करते अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि।

परसाही नाला से पोड़ी भाटा मार्ग के किनारे छायादार, फलदार एवं स्थानीय जलवायु के अनुकूल विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर जन्मेज महोबे ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी के जीवन चक्र का आधार हैं और पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह अभियान मातृत्व के सम्मान, प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का जनआंदोलन है।पुलिस अधीक्षक विजयकुमार पाण्डेय ने विद्यार्थियों को वृक्षों के पर्यावरणीय, सामाजिक एवं वैज्ञानिक महत्व से अवगत कराते हुए पौधों की नियमित देखभाल और जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। वहीं वनमंडलाधिकारी हिमांशु गुप्ता ने बताया कि लगाए गए प्रत्येक पौधे की सुरक्षा और देखभाल सुनिश्चित की जाएगी तथा नागरिकों से पौधों को वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने की अपील की।वन विभाग ने बताया कि वन महोत्सव के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनभागीदारी के साथ वृक्षारोपण अभियान लगातार जारी रहेगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण को व्यापक जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा सके। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य महादेव नेताम,भाजपा नेता आनंद प्रकाश मिरी, देव सिंह अघरिया अन्य जनप्रतिनिधि ,क्षेत्रवासी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## बैठक में संगठन मजबूती और कांग्रेस भवन निर्माण पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

जिला कांग्रेस कमेटी सक्ती की कार्यकारिणी की मासिक बैठक रेस्ट हाउस सक्ती में 21 जुलाई को आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन को धरातल पर सक्रिय और मजबूत करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

■ जगदलपुर की बेटी सुश्री हरिका राव नायडू को श्रद्धांजलि देने निकला कैंडल मार्च



बैठक में तय किया गया कि आगामी दिनों में मंडल स्तर पर बैठकों का आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से बूथ कमेटी एवं पंचायत कमेटी के पदाधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित कर बूथ स्तर पर पार्टी को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। इसके अलावा सक्ती में जिला कांग्रेस कमेटी हेतु कांग्रेस भवन के निर्माण के लिए भूमि चयन करने के उद्देश्य से एक विशेष समिति का गठन भी किया गया। बैठक के दौरान कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता स्व. सूरतलाल राठिया एवं स्व. सरकार सिंह नेताम के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने एक मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक के पश्चात कचहरी चौक सक्ती में विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जगदलपुर की बेटी सुश्री हरिका राव नायडू द्वारा नीट परीक्षा परिणाम से हताश होकर आत्महत्या किए जाने की घटना पर गहरा दुख प्रकट किया गया। कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकालकर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती रश्मि, विधायक रामकुमार यादव, बालेश्वर साहू, जिला उपाध्यक्षगण बलराम पांडे, भुनेश्वर चंद्रा, धनीराम सोनवानी, ताराचंद साहू, अमरसिंह बनाफर, महामंत्री गिरधर जायसवाल, अमित राठौर, कुसुम यादव, राजीव जायसवाल, घनश्याम देवांगन, मधुसूदन साहू, जितेन्द्र बहादुर सिंह, ओमप्रकाश पटेल, बोधसाय चंद्रा, ताम्रध्वज चंद्रा, पिंटू ठाकुर; सचिव रामकुमार राठौर, कुसुमलता अजगल्ले, पारस यादव, सुभान खान, भीष्म देव भारती, मनोज जायसवाल, पुर्णिमा खुटे, राजेन्द्र यादव, जीवनलाल साहू, चन्द्रकुमार सोनी, कार्यकारिणी सदस्य सविता रात्रे, गायत्री सिदार, सन्नी यादव, दूजराम साहू, सुनील कुमार पटेल, लखनलाल चंद्रा, ब्लॉक अध्यक्ष रामप्यारे सिदार, श्याम कुमार केवट सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मानव सेवा प्रकल्प के तहत कुष्ठ रोगियों को वस्त्र का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाराद्वार

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, बाराद्वार के तत्वावधान में सृजन शाखा की महिलाओं ने मानव सेवा प्रकल्प के अंतर्गत कात्रे नगर, चांपा स्थित कुष्ठ निवारण संघ आश्रम पहुंचकर कुष्ठ रोग से ग्रसित मरीजों से मुलाकात की। इस दौरान जरूरतमंद मरीजों को वस्त्र वितरित किए गए तथा शाखा की महिलाओं द्वारा अपने घरों से बनाकर लाया गया नाश्ता भी वितरित किया गया।


नाश्ता वितरण करती महिलाएं।

कार्यक्रम के दौरान आश्रम के प्रमुख सुधीर से मुलाकात कर आश्रम में संचालित उपचार व्यवस्था एवं कुष्ठ रोगियों की देखभाल संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। सृजन शाखा की अध्यक्ष प्रीति शर्मा ने मरीजों से संवाद करते हुए कहा कि सृजन शाखा का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसकी सहायता करना है। उन्होंने कहा कि कुष्ठ निवारण संघ आश्रम समाज के शोषित एवं वंचित लोगों की सेवा का उत्कृष्ट कार्य कर रहा है और यह मानव सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण है। सृजन शाखा की सचिव पायल शर्मा ने कहा कि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन एवं सृजन शाखा, बाराद्वार द्वारा समय-समय पर विभिन्न सामाजिक एवं सेवा कार्यों का आयोजन किया जाता है, ताकि जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाई जा सके। इस अवसर पर सृजन शाखा की अध्यक्ष प्रीति शर्मा, सचिव पायल शर्मा, राधा अग्रवाल, शीतल शर्मा, रेनू अग्रवाल, आरती सिंघानिया एवं खुशबू शर्मा उपस्थित रहीं।

जिला मुख्यालय स्थित कुलीपोटा मत्स्य हैचरी का कराया गया भ्रमण

## वैज्ञानिक तरीके से महिलाओं को दिया जा रहा मत्स्य पालन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

एसबीआई आरसेटी द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़ी लखुर्री गांव की महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को 10 दिवसीय निःशुल्क मछली पालन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का आयोजन जिला प्रशासन एवं संस्थान के निदेशक ललित कुमार हेमरम के मार्गदर्शन में स्थानीय पंचायत के सहयोग से गांव में ही किया जा रहा है।


हेचरी का निरीक्षण करती महिलाएं।

प्रशिक्षण संस्थान के फैकल्टी अरुण कुमार पाण्डेय ने बताया कि मास्टर ट्रेनर सावित्री पॉल महिलाओं को वैज्ञानिक तरीके से मत्स्य पालन का प्रशिक्षण दे रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को जिला मुख्यालय स्थित कुलीपोटा मत्स्य हैचरी का भ्रमण भी कराया गया, जहां सहायक संचालक ज्योति साहू के मार्गदर्शन में मत्स्य निरीक्षक भूलेश्वरी सिंह ने आधुनिक मत्स्य पालन की तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में तालाब के चयन एवं निर्माण, मिट्टी और पानी की गुणवत्ता, तालाब की तैयारी, चूना एवं जैविक-रासायनिक खाद के उपयोग, प्राकृतिक आहार तैयार करने की विधि सहित भारतीय एवं विदेशी कार्प प्रजातियों जैसे कतला, रोहू, मृगल, ग्रास कार्प, सिल्वर कार्प, कॉमन कार्प, पंगासियस, तिलापिया, मैगुर और सिंघी के पालन की जानकारी दी गई। महिलाओं को स्वस्थ बीज का चयन, बीज संचयन एवं परिवहन, संतुलित आहार प्रबंधन, जल गुणवत्ता, तापमान, पीएच स्तर, घुलित ऑक्सीजन, अमोनिया नियंत्रण, रोगों की पहचान एवं उपचार के साथ समेकित मछली पालन मॉडल जैसे मछली के साथ बतख, मुर्गी, बकरी पालन तथा धान की खेती के बारे में भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।इसके अलावा प्रशिक्षण में मछली की कटाई, ग्रेडिंग, परिवहन, विपणन, बाजार प्रबंधन तथा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, राज्य शासन की मत्स्य योजनाओं, बैंक ऋण एवं सब्सिडी की जानकारी भी महिलाओं को दी जा रही है। प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम में अंजू महंत, गंगा बाई चंद्रा, प्रीति यादव, ललिता महंत, अंजली चंद्रा, रामेश्वरी कर्ष, उमेंद बाई कहरा, मुस्कान सहित बड़ी संख्या में बिहान समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## 10 माह बाद डीजल चोरी का फरार ड्राइवर पंजाब से हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

मालवाहक वाहनों से डीजल चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को चांपा पुलिस ने 10 माह बाद पंजाब के अमृतसर से गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार आशीर्वाद बिल्टकॉन ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के मुंशी मोहित सेठी निवासी बिल्हा ने 3 अक्टूबर 2025 को थाना चांपा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि कंपनी के दो ट्रक जयरामनगर से छुरी के लिए रवाना हुए थे। अगले दिन दोनों वाहनों की लोकेशन हथनेवरा चौक स्थित एक ढाबे के पास मिली, जबकि दोनों चालकों के मोबाइल बंद थे। 30 सितंबर को मौके पर पहुंचने पर दोनों ट्रकों की डीजल टंकियों के ताले टूटे मिले। जांच में ट्रकों से करीब 577 लीटर डीजल, जिसकी कीमत लगभग 54 हजार रुपये थी, चोरी होना पाया गया। इसके अलावा वाहनों के टायर भी बदल दिए गए थे। मामले में थाना चांपा में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) एवं 3(5) के तहत विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान फरार आरोपी रंजीत सिंह उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम ढाडे, थाना इस्लामाबाद के अमृतसर में होने की सूचना मिलने पर चांपा पुलिस की टीम पंजाब रवाना हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चांपा न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।


भावपूर्ण श्रद्धांजलि
छत्तीसगढ़ अस्मिता के प्रतीक
जन नायक
स्व. श्री बिसाहूदास महंत जी
की 48 वीं पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन...
डॉ. चरणदास महंत जी
छ.ग. विधानसभा नेता प्रतिपक्ष
श्रीमती ज्योत्सना महंत
सांसद-कोरबा लोकसभा क्षेत्र
सूरज महंत
राघवेन्द्र कुमार सिंह
विधायक अकलतरा
गुलजार सिंह
विधायक प्रतिनिधि सक्ती
राजेश अग्रवाल
कांग्रेस जिलाध्यक्ष
जिला जांजगीर-चाम्पा
शेषराज हरवंश
विधायक पामगढ़
ब्यास कश्यप
विधायक,जांजगीर चांपा
रामलाल यादव
पूर्व उपाध्यक्ष- जिला कांग्रेस जांजगीर
कांति केशरवानी
पूर्व अध्यक्ष-नगर पंचायत खरौद
श्वेता केशरवानी
पूर्व अध्यक्ष-नगर पंचायत खरौद
मनोज तिवारी
महामंत्री-जिला कांग्रेस जांजगीर
देवेन्द्र अग्रवाल (देबू भाई)
वरिष्ठ कांग्रेसी-शि. ना.
विनीत : कांति केशरवानी, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत खरौद